देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 7 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...फांसी चढ़े निर्भया के हत्यारे



देहरादून, रविवार, 29 मार्च 2020

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 27.0° न्यूनतम 14.0°

29815.59

2 पाक की मदद के लिए आगे आया चीन

7 धोनी के करियर पर संशय के बादल

## संक्षिप्त समाचार

### सरकार ने हवाई मालवाहक प्रबंधन समूह बनाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने शुक्रवार को घोषणा की कि हवाई मालवाहक प्रबंधन समूह बनाया गया है ताकि देश में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति हो सके क्योंकि कोरोना वायरस के रोकथाम के लिए देशव्यापी बंद है। मंत्रालय ने एक ट्वीट में बताया कि निजी एयरलाइन या मालवाहकों ने राज्यों या केंद्रशासित क्षेत्रों तक जरूरी चीजों को पहुंचाने के लिए उनके आग्रह में सहयोग देने की बात कही है। मंत्रालय ने कहा कि कोविड-19 से उपजी स्थिति से निपटने के लिए एक मालवाहक प्रबंधन समूह बनाया गया है।

### मारुति सुजुकी बनाएगी वेंटिलेटर और मास्क

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस महामारी से मुकाबले में देश की दिग्गज कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड भी शमिल हो गई है। कंपनी ने वेंटिलेटर, मास्क और अन्य सुरक्षात्मक उपकरण बनाने के लिए कुछ कंपनियों से समझौता किया है। कंपनी ने हर महीने 10 हजार वेंटिलेटर बनाने का संकल्प व्यक्त किया है। मारुति सुजुकी से मिली सूचना के अनुसार, उन्होंने वेंटिलेटर की तकनीक और इसके निर्माण से जुड़े मसले हल करने करने के लिए AgVa हेल्थकेयर से समझौता किया है।

### रेलवे ने गैर वातानुकूलित कोचों में पृथक वार्ड का प्रारूप बनाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रेलवे ने कोरोना वायरस के मरीजों के इलाज के लिए गैर वातानुकूलित ट्रेन कोचों को पृथक वार्ड में तब्दील कर आईसीयू का प्रारूप पेश किया है। रेलवे ने शनिवार को बताया कि अगले कुछ दिनों में अमल में लाई जा सकने वाली अच्छी पहलों को अंतिम रूप देने के बाद प्रत्येक रेलवे मंडल हर हफ्ते 10 कोच की एक रेक का निर्माण करेगा।

# भारत में बढ़ रहा है कोरोना का वार

देश में सबसे ज्यादा मामले महाराष्ट्र में सामने आए है

## कोरोना वायरस के मामले बढ़कर 834 हुए, 19 लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में कोविड-19 के मामले शनिवार को बढ़कर 834 पर पहुंच गए और संक्रमण के कारण 19 लोगों की मौत हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने ताजा आंकड़ों में दो और लोगों की मौत होने की जानकारी दी है। अभी तक महाराष्ट्र में चार, गुजरात में तीन, कर्नाटक में दो और मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, बिहार, पंजाब, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है।

आंकड़ों के अनुसार, देश में अब भी 834 लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हैं जबकि 66 लोग या तो स्वस्थ हो गए या उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और एक व्यक्ति यहां से चला गया है। बता दें कि पिछले 24 घंटे में 149 नए मामले सामने आए हैं। वहीं स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार शनिवार तड़के 3 बजे तक भारत में कुल 834 मामले थे। देश में सबसे ज्यादा मामले महाराष्ट्र में सामने आए हैं। यहां मरीजों की संख्या 180 हो गई है।



### कोरोना वॉरियर्स को फोन कर रहे हैं पीएम मोदी

कोरोना वायरस महामारी को लेकर आयुष पेशेवरों के साथ शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए चर्चा की। प्रधानमंत्री ने आयुष दवा निर्माताओं को अपने संसाधनों का उपयोग कर सैनिटाइजर जैसी आवश्यक वस्तुओं के उत्पादन का सुझाव दिया। साथ ही टेलीमेडिसिन के प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर महामारी से लड़ने के लिए जागरूकता फैलाने के लिए कहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोरोना वॉरियर्स का मनोबल और ऊंचा करने के लिए व्यक्तिगत रूप से फोन कर रहे हैं। देशभर के अस्पतालों के उन स्वास्थयकर्मियों को प्रधानमंत्री कार्यालय से फोन जा रहा है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने नायडू अस्पताल, पुणे की नर्स छाया को फोन कर उनका हालचाल लिया। बातचीत के आखिर में नर्स छाया बेहद भावुक हो गई और प्रधानमंत्री को भगवान बता दिया। छाया ने कहा, हमारे लिए तो आप भी देवता हैं। पूरे देश को आपके जैसा प्रधानमंत्री मिलना चाहिए।

### केरल में कोविड-19 से पहली मौत

केरल। केरल में कोरोना वायरस से कोच्चि मेडिकल कॉलेज में आज एक 69 साल के मरीज की मौत हो गई है। केरल में कोरोना वायरस से यह पहली मौत है। एर्नाकुलम जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनके कुट्टप्पन ने इसकी जानकारी दी है। बता दें कि स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार केरल में अभी तक 173 मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार आज सुबह 9.30 बजे तक भारत में कोरोना वायरस से 19 लोगों की मौत हो गई है। वहीं संक्रमितों की संख्या 873 हो गई है। इनमें से 775 लोगों का इलाज जारी है। 78 लोग ठीक हो गए हैं।

# बसों का इंतजाम स्कूल बनेंगे रैन बसेरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

राष्ट्रपति कोविंद की कई राज्यपालों से बातचीत

नई दिल्ली। लॉकडाउन के बाद दिल्ली से उत्तर प्रदेश और बिहार जाने वाले लोगों का हुजूम लग गया है। ऐसे में कोरोना को फैलने से रोकने के लिए सोशल डिस्टेंसिंग का फॉर्मुला फेल होता नजर आ रहा है। राज्य सरकारों ने पहले कहा था कि जो लोग जहां हैं वहीं रुकें और उनकी देखभाल का इंतजाम किया जाएगा लेकिन स्थिति नहीं संभली तो सरकारों ने विकल्प के बारे में सोचना शुरु कर दिया है। गाजीपुर बॉर्डर पर लोग बड़ी संख्या में जमा हैं। ऐसे में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष

**स्कूलों को बनाया जाएगा रैन बसेराः** सिसोदिया ने कहा, मैंने लोगों से अपील की है कि वे दिल्ली में ही रुकें लेकिन कुछ डीटीसी बसों का भी प्रबंध किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के 568 स्कूलों में खाना खिलाया जा रहा है, लोग जाकर खा सकते हैं। अगर किसी को रुकने में दिक्कत है तो नाइट शेल्टर के अलावा स्कूलों में रुक सकते हैं। कई स्कूलों को नाइट शेल्टर में बदला जाएगा।

दरअसल उत्तर प्रदेश सरकार ने घोषणा की थी कि दिल्ली से उत्तर प्रदेश जाने वाले लोगों के लिए वह 1000 बसों का इंतजाम करेंगे। इस सूचना के बाद लोग दिल्ली-उत्तर प्रदेश बॉर्डर पर बड़ी संख्या में जमा हो गए।



**कोरोना** बसों के लिए भीड़, लॉकडाउन का ब्रेकडाउन

यूपी परिवहन निगम दो दिनों में एक हजार बसें चलाने का दावा कर रहा है। लेकिन क्या यह सर्विस काफी होगी? बस डिपो, बॉर्डर पर जमा भीड़ देखकर फिलहाल यह कहना मुश्किल है। यूपी रोडवेज की तरफ से एक हजार बसों के संचालन का दावा किया जा रहा है। गोरखपुर, लखनऊ, ऐटा, मैनपुरी सहित कई जिलों के लिए चलाई जा रही हैं बसें।

### 28 और 29 मार्च को चलेंगी बसें

यूपी के अलग-अलग जिलों में जानेवाली ये बसें आज और कल चलेंगी। सुबह 8 बजे से ये बसें चलने लगी हैं और हर दो घंटे के गैप पर 200-200 बसें चलेंगी। पत्र में यह भी साफ है कि बस की पूरी जानकारी रखी जाएगी।

# पैदल पलायन के लिए सरकार जिम्मेदार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नागरिकों की ऐसी हालत करना एक बहुत बड़ा अपराध : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कोरोना वायरस का प्रसार रोकने के लिए किए गए लॉकडाउन के दौरान मजदूरों एवं गरीबों के अपने घरों के लिए पैदल निकलने को लेकर शनिवार को आरोप लगाया कि इस भयावह स्थिति के लिए सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने यह भी कहा कि इस स्थिति के एक बड़ी त्रासदी में बदलने से पहले सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए। गांधी ने ट्वीट किया, सरकार इस भयावह हालत के लिए जिम्मेदार है। नागरिकों की ऐसी हालत करना एक बहुत बड़ा अपराध है। आज संकट की घड़ी में हमारे भाइयों और बहनों को कम से कम सम्मान और सहारा तो मिलना ही चाहिए। सरकार जल्द से जल्द ठोस कदम उठाए ताकि यह एक बड़ी त्रासदी ना बन जाए। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि इस स्थिति पर हम सभी को शर्म आनी चाहिए।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in